
# ज़रा सिर खुजलाइए


**पिछली** बार हमने आपसे एक सवाल पूछा था – फर्ज़ कीजिए कि आपके पास आठ पेंसिल हैं। पेंसिल की जगह माचिस की तीलियों से भी काम चल जाएगा। इन आठ पेंसिल/तीलियों को इस तरह जमाना है कि दो वर्ग और चार त्रिकोण बन जाएं।

इस सवाल के लिए हमारे पास आए दो सही जवाब यहां पेश कर रहे हैं। रमेश कुमार चंद्रा, जांजगीर, छत्तीसगढ़ ने भेजा हल कुछ इस प्रकार है:

इसमें आठ तीलियों से दो वर्ग ए बी सी डी और पी क्यू आर डी बने हैं। चार त्रिकोण ए पी डी, बी एस पी, क्यू एस सी और सी आर डी बने हैं।




इस सवाल का दूसरा हल इस प्रकार है। इस हल को लीना ओझा, शुजालपुर मंडी, शाजापुर ने भेजा है। इसमें भी दो वर्ग और चार त्रिकोण बन रहे हैं।



**इस बार का सवाल:** यहां दी गई काली आकृति को ध्यान से देखिए और इस आकृति को इस तरह से काटना है कि आकृति दो एक जैसी जुड़वां आकृतियों में बंट जाए। ज़रूरी नहीं कि आप कैंची से सिर्फ सीधा कट लगाएं। बस शर्त यही है कि सिर्फ एक ही बार काटना है। अपने जवाब हमारे पास जल्द भेजिए।

